working of the Urban Land (Ceiling ant! , Regulation) Act. 1976; and

(b) if so. what are the details thereof?

MINISTER OF WORKS AND HOUSING (SHRI ABDUL GHAFOOR): (a) No, Sir.

(b Does not arise.

हिन्दी सलाहकार समिति

389. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय में हिन्दी सलाहकार समिति का गठन कर दिया गया है;

(ख) क्या समिति की बैठकें बुलाने के लिए कोई कदम उठाये गये हैं ; और

(ग) यदि कोई कदम नहीं उठाये गये हैं तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी० एन० गाडगिल) : (क) इस मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति का पुनर्गठन विचाराधीन है ।

(ख) और (ग) जैसे ही समिति का पुनर्गठन हो जायेगा, इसकी बैठक बुलाई जायेगी ।

बिहार में सहकारी समितियां

390. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **कृषि और ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार में सहकारी समितियों का कार्यकरण राष्ट्रीय औसत के मुकाबले संतोषजनक नहीं है; और

(ख) क्या सरकार बिहार में सहकारी समितियों के कार्यकरण में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाने का विचार रखती है ?

ग्रामीण विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री चन्दूलाल चन्द्राकर) : (क) जी, हां ।

(ख) संविधान के अन्तर्गत "सहकारी समितियां" राज्य का विषय है । इसलिये, सहकारी समितियों के समग्र काम-काज को बेहतर बनाने की मूल जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है । लेकिन केन्द्रीय सरकार तथा राष्ट्रीय कृषि और ग्राम विकास बैंक सहकारी समितियों के काम-काज को बेहतर तथा मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकारों को विस्तृत दिशानिर्देश तथा वित्तीय सहायता भी देते रहे हैं । बिहार सहित सहकारिता को दृष्टि से कम विकसित राज्यों में केन्द्रीय सरकार कृषि-ऋण, परिसंस्करण, भण्डारण और कृषि उत्पादन से संबंधित कार्यक्रमों के लिये सहकारी समितियों को वित्तीय सहायता देने की केन्द्रीय योजनाएं भी कार्यान्वित करती रही है ।

T.V. Station at Kodaikanal

391. SHRI M. S. RAMACHANDRAN: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) when will the Kodaikanal T. V. station commence operation; and

(b) what is the number of towns and the population to be benefited by its operation?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI V. N. GADGIL): (a) Kodaikanal T.V. transmission commenced operation at 1 K.W from 15.8.1984. The 10 K.W. transmission lias started functioning on trial basis from June. 1985.

(b) with the formal commissioning of the transmitter at Kodaikanal at 10 K.W. of power a population of about 262.5 lakhs in the districts of Madurai, Tirunelveli, Kanyakumari. Ramanathapuram, Coim-